भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.02.2023

आरेडिका ने बनाया एक माह में 256 बोगी उत्पादन का रिकार्ड

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के बोगी शॉप द्वारा जनवरी 2023 के माह में कुल 256 कोच सेट बोगी का उत्पादन किया गया, जो आरेडिका के इतिहास में किसी भी वर्ष के किसी भी माह का सर्वाधिक उत्पादन है। उल्लेखनीय कि इससे पूर्व का रिकार्ड जनवरी 2022 का है जो 254 कोच सेट बोगी का था। इस ऐतिहासिक कार्य को पूर्ण करने में बोगी शॉप तथा व्हील शॉप के कर्मचारियों, पर्यवेक्षको, तथा अधिकारियों ने निष्ठा, समर्पण एवं मेहनत का अनुकरणीय योगदान दिया है।

बोगी एवं व्हील शॉप कर्मचारियों और अधिकारियों के अनुकरणीय योगदान को देखते हुए महाप्रबंधक महोदय,ने सीडब्ल्यूई/फर्निशिंग श्री एसएस कैरो और उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बोगी एवं व्हील श्री विनोद कुमार दुबे को बधाई दी साथ ही श्री त्रिलोचन अंथवाल कार्य प्रबंधक बोगी एवं श्री प्रकाश चन्द मीना एसएसई बोगी को मैन ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया, बोगी एवं व्हील शॉप के कर्मचारियों को प्रोहत्सान हेतु ग्रुप आवार्ड भी प्रदान किया गया।

A Srivastava
01/02/2023
(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी